PUBLICATION NAME :	Everyday News
EDITION :	Lucknow
DATE :	12/12/23
PAGE :	8

देश के शिल्प और शिल्पकारों को प्रोत्साहन देते हुए सस्टेनेबल फ्यूचर के निर्माण का प्रयास

लखनऊ। भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान (ईडीआईआई), अहमदाबाद ने 8 दिसंबर को एक थॉट लीडरशिप सेमिनार और थीमैटिक फैशन शो का आयोजन किया। वहीं, 8 और 9 दिसंबर, 2023 को वर्ल्ड ट्रेड सेंटर, कोलाबा मुंबई में एचएसबीसी द्वारा समर्थित प्रोजेक्ट हैंडमेड इन इंडिया (एचएमआई) के तहत एक प्रदर्शनी का आयोजन किया। भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान (ईडीआईआई), अहमदाबाद हैंडमेड इन इंडिया परियोजना में कार्यान्वयन भागीदार है। छह क्लस्टर - असम में कामरूप, उड़ीसा में बरगढ़, गुजरात में भुज और सुरेंद्रनगर, मध्य प्रदेश में महेश्वर और तमिलनाडु में सेलम को हैंडमेड इन इंडिया परियोजना के तहत समर्थन और सहायता प्रदान की।